कार्यालय पुलिस नियन्त्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

@CP_Jodhpur CP Jodhpur jodhpurpolice 9530440800
https://jodhpurpolice.rajasthan.gov.in

प्रेस नोट
(दिनांक 07.11.2025)

श्री ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों की पालना हेतु दिनांक 06.11.2025 को सायंकालीन व रात्रिकालीन नाकाबंदी/गश्त के दौरान संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चैकिंग कार्यवाही अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र जोधपुर में सायंकालीन वक्त 8:00 पीएम से 11:30 पीएम तक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण व सहायक पुलिस आयुक्तगण के निकटतम पर्यवेक्षण में समस्त पुलिस थानाधिकारी व द्वितीय थाना अधिकारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में चिह्नित स्थानों पर नाकाबंदी कर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों का 60 पुलिस एक्ट में , शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के विरूद्ध 185 एमवी एक्ट व बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले चालकों, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले चालकों, बिना नंबरी वाहन , बिना रिफ्लेक्टर वाहन, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले चालकों,ओवरलोड वाहन, बंपर लगे वाहनों, काला शीशे लगे वाहनों , बिना वर्दी चालकों, नो पार्किंग वाहनों, ओवर हाइट वाहनों , बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले चालकों, फैंसी नंबर प्लेट लगे वाहनों, मोबाइल पर बात करने वाले चालकों , यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालान , सड़क उपयोगकर्तायों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने ,राजकोप ऐप पर संदिग्ध व्यक्तियों के फोटो मिलान कर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध पर्चा "बी" की कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में समस्त वृत अधिकारीयों ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी थाना अधिकारी एवं पुलिस बल को इस अभियान के संबंध में ब्रीफ कर अलग-अलग टीमें बनाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया।

रात्रि कालीन गश्त वक्त 12:00 एएम से 05:00 एएम तक के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग, व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको व राजकोप ऐप पर संदिग्ध व्यक्तियों के फोटो मिलान कर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध पर्चा "बी "की कार्यवाही, बिना नंबरी, काला शीशा लगे वाहनों के विरूद्ध एम.वी. एक्ट की कार्यवाही करने का अभियान चलाया गया।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में वाहनों की सघन चैकिंग अभियान के दौराने जिला पूर्व एवं जिला पश्चिम में कुल **319** संदिग्ध वाहन चेक किए गए ,सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों का 60 पुलिस एक्ट में **27** कार्यवाही , शराब पीकर वाहन चलाने वाले **24** चालको के विरूद्ध 185 एमवी एक्ट व, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वाले **02** चालकों, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले **30** चालकों, **15** बिना नंबरी वाहन ,**10** बिना रिफ्लेक्टर वाहन, ,**08** ओवरलोड वाहन, **28** काला शीशे लगे वाहनों , खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले **09**चालकों, तीन सवारी **34** वाहन चालकों , **29** वाहनों का अन्य एमवी एक्ट में चालान कार्यवाही की गई। तथा राजकोप ऐप पर कुल **234** संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ **30** संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा 'बी " भरा गया तथा **668** सड़क उपयोगकर्तायों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

आमजन से आग्रह है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

KUSUM
WEDDING